वी एन बिल्डटेक को मिला इंटरनेशनल स्टार अवार्ड

जयपुर. रियल एस्टेट सेक्टर कंपनी वी एन बिल्डटेक (प्रा) लि. को हाल ही जेनेवा में गोल्ड श्रेणी में इंटरनेशनल स्टार अवार्ड फॉर क्वालिटी कन्वेन्शन प्रदान किया गया। इस साल यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पाने वाली रियल एस्टेट क्षेत्र में भारत की यह एकमात्र कंपनी है। इसके अलावा जिन अन्य भारतीय कंपनियों को यह पुरस्कार मिला उनमें आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी लि. और एनसीआर कॉर्पोरेशन इंडिया प्रालि शामिल हैं। इन पुरस्कारों को हर साल जेनेवा की बिजनेस इनिशिएटिव डायरेक्शंस (बीआईडी) प्रदान करती है। दुनिया के 54 देशों की कंपनियों को इस बार यह सम्मान मिला जिनमें वी एन बिल्डटेक प्रालि शामिल थी। पुरस्कार समारोह में बीआईडी के प्रेसिडेंट और सीईओ जोस ई. प्रिईटो ने यह अवार्ड वी एन बिल्डटेक के प्रबंध निदेशक (सेल्स डिपार्टमेंट) विशाल शर्मा और प्रबंध निदेशक (मार्केटिंग) नवीन हीरानंदानी को प्रदान किया। एमडी विशाल शर्मा ने बताया कि दिल्ली, हिमाचल प्रदेश के बाद अब राजस्थान में कंपनी ने विस्तार योजना बनाई है। इसी क्रम में जगतपुरा, जयपुर में एक्सक्लूसिव आवासीय प्रोजेक्ट 444 लॉन्च किया गया है, जिसमें दो, तीन और चार बीएचके वाले एक्सक्लूसिव होम्स और स्वतंत्र स्काई बंगलों दिए जाएंगे। यहां 111 गार्डन दिए जाएंगे जो इस प्रोजेक्ट की विशिष्ट खूबी है।

सीईओ जोस ई. प्रिईटो से पुरस्कार लेते वी एन बिल्डटेक के प्रबंध निदेशक विशाल शर्मा और नवीन हीरानंदानी।